NT>

Title: Need to lay new rail lines between Bhopal and Sagar and between Indore and Jabalpore, Madhya Pradesh-Laid.

श्री शिवराजसिंह चौहान (विदिशा): अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश का रायसेन तथा सीहोर जिले अत्यंत पिछड़े हैं। दोनों जिले रेल सुविधा विहीन है। यदि भोपाल से रायसेन, गैरतगंज, बेगमगंज होते हुए सागर तक एक नई रेल लाइन डाल दी जाये तो न केवल सम्पूर्ण रायसेन जिले का विकास होगा, अपितु भोपाल बीना ट्रेन टेक पर, जहां यातायात का दबाव बहुत है, दबाव भी कम होगा, भोपाल से सीधे गाडियां सागर पहुंच सकेंगीं। इसी प्रकार इंदौर से खातेगांव होते हुए नसरूल्लागंज, रेहटी, बुदनी, बाड़ी, उदयपुरा होती हुई जबलपुर तक एक नई रेल लाइन डाल दी जाये तो इंदौर जबलपुर सीधे जुड़ सकेंगे तथा देवास, सीहोर और रायसेन जिले का अधिकांश भाग रेल सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकेगा। इसलिए मेरा रेल मंत्री महोदय से निवेदन है कि भोपाल से सागर तथा इंदौर से जबलपुर नयी रेल लाइनें डालने हेतु सर्वे तथा अन्य कार्यवाही प्रारंभ करने का कट करें।